>

Title: Need to set up a Trauma Centre in Raigarh Parliamentary Constituency, Chhattisgarh.

श्रीमती गोमती साय (रायगढ़) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र रायगढ़ में पूर्व शासन द्वारा ट्रॉमा सेन्टर की स्वीकृति की गई थी । मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट करना चाहती हूं कि मेरा संसदीय क्षेत्र एक ऐसा क्षेत्र है, चाहे धरमजयगढ़ हो या जशपुर हो, वह ग्रामीण इलाका है और वहां जनजातीय समाज के लोग निवास करते हैं ।

ट्रॉमा सेन्टर, धरमजयगढ़ और जशपुर के लिए निहायत जरूरी है । वहां 300-400 किलोमीटर दूर हमारे निकटतम राज्य झारखंड में रांची में जाना पड़ता है । ऐसी जगह के लिए ट्रॉमा सेन्टर बहुत ही आवश्यक है । जैसे बिलासपुर और रायपुर में तो बहुत सारे प्राइवेट हॉस्पिटल्स हैं, जिनके द्वारा बहुत सारा उपचार किया जा सकता है, लेकिन जशपुर और धरमजयगढ़ एक ऐसा क्षेत्र है, जहां ट्रॉमा सेन्टर की सख्त जरूरत है । यह मेरा आपके माध्यम से मंत्री महोदय जी से निवेदन है । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मैं सभी माननीय सदस्यों से आग्रह करता हूं कि 377 में जो आपने लिखकर दिया है, उसी को सदन में पढ़ना पड़ता है ।

डॉ. भारतीबेन डी. श्याल ।